# कार्यालय प्राचार्य

## शहीद भृगुनंदन चौधरी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था गरियाबंद छ. ग.

**PHONE : (07706) 296339** **E-Mail : itigbd@rediffmail.com**

### विज्ञप्ति

संयुक्त संचालक के पत्र क्रमांक संसंप्र/क्षेका/राय/स्थाप/मे.प्र./2024/1169/रायपुर, दिनांक 30.09.2024 के आदेशानुसार गरियाबंद जिले के विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रशिक्षण अधिकारी के रिक्त पद के विरूद्व मेहमान प्रवक्ता आमंत्रण हेतु निर्धारित प्रपत्र में **दिनांक 06.12.2024 शाम 5:00** बजे तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। शासन द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार उम्मीदवारों की शैक्षणिक/तकनीकी अहर्तायें निम्नानुसार हैं:—

**1. प्रशिक्षण अधिकारी पद के विरूद्व मेहमान प्रवक्ताओं के भर्ती हेतु रिक्त पद**

| क. | संस्था का नाम / व्यवसाय | गरियाबंद | मैनपुर | देवभोग | फिंगेश्वर | छुरा | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 2 | स्युइंग टेक्नोलॉजी | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 3 | वर्कशाप कैलकुलेशन एवं इंजीनियरिंग ड्राइंग | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | **1** |
| 4 | इंग्लिश लैंग्वेज एवं कम्यूनिकेशन स्किल | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | **2** |
| 5 | वेल्डर | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** |
| 6 | स्टेनोग्राफर एंड सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (हिन्दी) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | **1** |

**2. शैक्षणिक एवं तकनीकी अर्हताएं—**

| क. | व्यवसाय/विषय का नाम | रिक्त पदों की संख्या | शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | कम्प्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट | 01 | 1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाईस्कूल अथवा पुरानी पद्धति से 11 वीं अथवा समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण.<br>2. अभ्यर्थी, संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाणपत्र/राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र/राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राज्य व्यवसाय प्रमाणपत्र एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र/मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से कम्प्यूटरसाईंस इंजीनियरिंग या समतुल्य संकाय में उपाधि/पत्रोपाधि उत्तीर्ण अथवा डीओई (डीओईएसीसी) से "ए" स्तर का प्रमाणपत्र या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/बोर्ड से बीसीए/पीजीडीसीए। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2 | स्युइंग टेक्नोलॉजी | 01 | 1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाईस्कूल अथवा पुरानी पद्धति से 11 वीं अथवा समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण.<br>2. अभ्यर्थी, संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाणपत्र/राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र/राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राज्य व्यवसाय प्रमाणपत्र एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र/मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से कस्टम डिजाईन एवं ड्रेस मेकिंग/गारमेंट टेक्नालॉजी इंजीनियरिंग में उपाधि/पत्रोपाधि उत्तीर्ण. |
| 3 | वर्कशाप कैलकुलेशन एवं इंजीनियरिंग ड्राइंग | 01 | 1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाईस्कूल अथवा पुरानी पद्धति से 11 वीं अथवा समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण.<br>2. अभ्यर्थी, संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाणपत्र/राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र/राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राज्य व्यवसाय प्रमाणपत्र एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र/मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से मेकेनिकल इंजीनियरिंग में उपाधि/पत्रोपाधि उत्तीर्ण. |
| 4 | इंग्लिश लैंग्वेज एवं कम्यूनिकेशन स्किल | 02 | 1. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी साहित्य में स्नातक उपाधि उत्तीर्ण, स्नातकोत्तर उत्तीर्ण को प्राथमिकता दी जायेगी।<br>2. मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एड. परीक्षा उत्तीर्ण। |
| 5 | वेल्डर | 01 | 1. मान्यता प्राप्त बोर्ड से हाईस्कूल अथवा पुरानी पद्धति से 11 वीं अथवा समतुल्य परीक्षा उत्तीर्ण.<br>2. अभ्यर्थी, संबंधित ट्रेड में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राष्ट्रीय व्यवसाय प्रमाणपत्र/राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र/राज्य व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद् से राज्य व्यवसाय प्रमाणपत्र एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण परिषद से राष्ट्रीय शिक्षुता प्रमाणपत्र/मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या बोर्ड से मेकेनिकल/प्रोडक्शन एवं मैनूफैक्चरिंग इंजीनियरिंग या समतुल्य संकाय में उपाधि/पत्रोपाधि उत्तीर्ण. |
| 6 | स्टेनोग्राफर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (हिन्दी) | 01 | 1. मान्यता प्राप्त मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण।<br>अथवा<br>पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।<br>2. किसी मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था/ शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) मुद्रलेखन परिषद से हिन्दी शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) प्रमाण पत्र परीक्षा उत्तीर्ण एवं शीघ्रलेखन (शार्टहैण्ड) में 100 शब्द प्रति मिनट की गति (गति के लिये कौशल परीक्षा ली जाएगी)।<br>3. किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एण्ट्री ऑपरेटर / प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा / प्रमाण पत्र तथा डाटा एण्ट्री की 10,000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटे की गति (गति के लिये कौशल परीक्षा ली जाएगी)। |

## 3. अंको का निर्धारण एवंचयनप्रकिया

1. जिन पदों के लिये सी.टी.आई./ए.टी.आई. आवश्यक है उन पदों के लिये एक वर्षीय सी.टी.आई./ए.टी.आई उत्तीर्ण प्रमाण पत्र धारी अभ्यर्थियों के तकनीकी योग्यता (परीक्षा) की अंकसूची के प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जाएगी।
2. सी.टी.आई./ए.टी.आई उत्तीर्ण प्रमाण पत्र धारी अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में निर्धारित तकनीकी योग्यता धारी अभ्यर्थी के चयन की कार्यवाही उनके तकनीकी योग्यता के प्राप्तांकों के आधार पर की जाएगी।

नियम एव शते :–

01. वांछित प्रमाण पत्र एवं अंक सूची की छाया प्रति अभिप्रमाणित सहित आवेदन पत्र दिनांक **06.12.2024 (अपरान्ह 5.00 बजे)** तक पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय प्राचार्य, शहीद भृगुनंदन चौधरी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, गरियाबंद (छ.ग.) 493889 में अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाना चाहिये, उम्मीदवार स्वयं उपस्थित होकर कार्यालयीन समय में अपने आवेदन पत्र जमा कर सकते है, विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।
02. आवेदन निर्धारित प्रारूप में ही जमा करें जो कि जिले के वेबसाईट http://www.gariaband.gov.in पर उपलब्ध है।
03. आवेदन पत्र में आवेदक अपना मोबाईल नंबर सही एवं स्पष्ट भरें। दिये गये मोबाईल नंबर पर संपर्क न हो पाने की स्थिति में आवेदक स्वयं जिम्मेदार होंगें।
04. सी.टी.आई./ए.टी.आई एवं अर्हकारी तकनीकी योग्यता होना आवश्यक है।
05. आवेदन पत्र रिक्त पदों के विरूद्ध संस्थावार/व्यवसाय/विषयवार अलग–अलग जमा करना होगा। अर्थात एक ही व्यवसाय के लिये अलग–अलग संस्था में आवेदन के लिये अलग–अलग आवेदन करना होगा।
06. अपूर्ण/अस्पष्ट एवं त्रुटि पूर्ण होने के कारण निरस्त किये गये आवेदन के संबंध में उम्मीदवार की कोई सूचना नहीं दिया जावेगा तथा ऐसे आवेदनों को अमान्य कर दिया जावेगा।
07. उम्मीदवार को छ.ग. का निवासी होना अनिवार्य है, इसमें आरक्षण संबंधी कोई नियम लागू नहीं होंगे एवं अवकाश की कोई पात्रता नहीं हैं, शासकीय सेवा हेतु किसी भी प्रकार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
08. चयन मेरिट के आधार पर होगा, चयन सूची संस्था के सूचना पटल पर चस्पा की जावेगी, चयनित आवेदकों की नियुक्ति पत्र नहीं दिया जावेगा, दूरभाष आदि द्वारा सूचना के आधार पर आमंत्रण स्वीकारते हुए प्रशिक्षण कार्य सम्पन्न करना होगा।
09. चयन उपरान्त दूरभाष आदि द्वारा सूचना प्राप्त होने पर निर्धारित अवधि तक कर्तव्य पर उपस्थित न होने पर उनका चयन निरस्त माना जायेगा।
10. शासन द्वारा रिक्त पदों के विरूद्ध संविदा/नियमित/स्थानांतरित कर्मचारी की पद की स्थापना होने अथवा सेवा संतोषप्रद नहीं पाये जाने पर मेहमान प्रवक्ता की यह नियुक्ति स्वयमेवं समाप्त हो जावेगी।
11. चयनित उम्मीदवार को प्रशिक्षण कार्य सम्पन्न कराने हेतु आवश्यकतानुसार या अधिकतम एक प्रशिक्षण सत्र के लिए ही आमंत्रित किया जावेगा।
12. मेहमान प्रवक्ता द्वारा दिया जा रहा प्रशिक्षण कार्य संतोषप्रद नहीं होने अथवा आचरण संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में उसे सुनवाई का अवसर देते हुये स्पष्ट कारण दर्शाते हुये उसे प्रशिक्षण में जारी रखने अथवा पृथक करने का निर्णय संबंधित प्राचार्य/संस्था प्रमुख द्वारा लिया जा सकेगा।
13. संचालक, रोजगार एवं प्रशिक्षण, छ.ग. रायपुर के निर्देशानुसार पढ़ाने/प्रशिक्षण देने हेतु प्रति पीरियड 140/– (एक सौ चालीस रूपये) की दर से अधिकतम 5 घंटे प्रति कार्य दिवस हेतु मानदेय दिया जावेगा, जो अधिकतम 15000/– (पंद्रह हजार रूपये) प्रतिमाह होगा।
14. आवेदक की आयु 01.08.2024 को न्यूनतम 18 वर्ष तथा 35 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिये।
15. रिक्त पदों की संख्या में आवश्यकता अनुसार कमी या वृद्धि अथवा समाप्त भी की जा सकती है।
16. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में संयुक्त संचालक (प्रशिक्षण), क्षेत्रीय कार्यालय, रायपुर क्षेत्र, रायपुर का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।

प्राचार्य
शहीद भृगुनंदन चौधरी
शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
गरियाबंद (छ.ग.)

# मेहमान प्रवक्ता हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

प्राचार्य,
शहीद भृगुनंदन चौधरी,
शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था,
गरियाबंद (छ.ग.)

अभिप्रमाणित पासपोर्ट साईज का फोटो चिपकायें

विषयः— मेहमान प्रवक्ता हेतु आवेदन पत्र।

आवेदन जिस संस्था के लिये किया जा रहा है उस संस्था का नाम ..............................................................................

महोदय,

मेहमान प्रवक्ता हेतु निम्नांकित विवरण के साथ आवेदन प्रस्तुत है।

01 आवेदित पद एवं व्यवसाय/विषय का नाम ..............................................................................

02 आवेदक/आवेदिका का नाम ..............................................................................

03 पिता/पति का नाम ..............................................................................

04 जन्म तिथि (अंको में) ..............................................................................

(शब्दो में) ..............................................................................

05 पत्र व्यवहार का पूर्ण पता ..............................................................................

..............................................................................

..............................................................................

06 दूरभाष/मोबाईल क्रमांक ..............................................................................

07 सी.टी.आई./ए.टी.आई. उत्तीर्ण (हां/नहीं) ..............................................................................

08 शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता का विवरण

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | बोर्ड/वि.वि. का नाम | व्यवसाय/विषय | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

टीपः—

1. सभी योग्यता प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रति लगावें।
2. प्रत्येक संस्था/व्यवसाय/विषय के लिये पृथक पृथक आवेदन प्रस्तुत किया जावे।
3. छ.ग. का मूल निवासी होने का प्रमाण पत्र निर्धारित प्रपत्र में संलग्न करें।

**उपरोक्त जानकारी मेरे द्वारा प्रस्तुत की जा रही है एवं मैं सहमत हूँ किः—**

## शपथ पत्र

1. मैं संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण रायपुर द्वारा सुनिश्चित किया गया एवं समय—समय पर संशोधित/लागू मानदेय प्राप्त करूंगा/करूंगी।
2. मेरे द्वारा उपरोक्त प्रस्तुत की गई जानकारी एवं सभी प्रस्तुत प्रमाण पत्र सही है। यदि जानकारी या प्रस्तुत प्रमाण पत्र गलत पाये जाते हैं तो मेरा चयन निरस्त किया जा सकेगा एवं मेरे खिलाफ दाण्डिक कार्यवाही की जा सकेगी।
3. मैं कभी भी नियमित पद हेतु दावा नहीं करूंगा/करूंगी तथा यह चयन इस सत्र के लिये या आवश्यकता रहने तक या नियमित/संविदा कर्मचारी की पदस्थापना होने तक रहेगी। उसके लिये मैं सहमत हूं।
4. मैं संस्था में प्राचार्य/अधीक्षक या उनके अधिकृत कर्मचारी के अधीनस्थ के निर्देशानुसार कार्य करूंगा/करूंगी। यदि कोई अनुशासनहीनता/गलती मेरे द्वारा की जाने की शिकायत मिलती है तो संबंधित प्राचार्य/अधीक्षक मुझे सुनवाई का मौका देते हुये यदि आवश्यक हुआ तो मुझे प्रशिक्षण कार्य से हटा सकेंगे, जिसकी सुनवाई संयुक्त संचालक क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के समक्ष हो सकेगी।
5. मैं एक से अधिक संस्थाओं हेतु उक्त पद के लिये आवेदन करता/करती हूं एवं चयन भी हो जाता है तो मैं एक ही व्यवसाय एवं संस्था में प्रशिक्षण कार्य हेतु उपस्थित हो जाउंगा/जाउंगी। दूसरे व्यवसाय अथवा संस्था के लिये मेरा चयन स्वमेव ही निरस्त समझा जावेगा।

**संलग्न प्रमाणपत्रों की सूचीः—**

1. ........................................................................ 2. ..................................................................

3. ............................................................... .............. 4. ..................................................................

5. ................................................................... 6. ..................................................................

स्थान ..............................
दिनांक .............................

आवेदक का हस्ताक्षर
(पूरा नाम एवं पूरा पता)